C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 117 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## कांग्रेस नेता पर फायरिंग का मामला ; भाजपा नेता के पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

**कोतवाल गजेन्द्र सिंह नरूका और उनकी टीम ने मात्र 10 घंटे में आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच बनाई**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के पुलिस कंट्रोल रूम के पास स्थित सरकारी दरवाजे के समीप शनिवार शाम कांग्रेस नेता एवं हलेड़ के पूर्व सरपंच हरफूल जाट पर सरेआम हमला और फायरिंग करने वाले आरोपियों को शहर कोतवाल गजेन्द्र सिंह नरूका की टीम ने मात्र 10 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा नेता बालूलाल आचार्य, उसका पुत्र अक्षय आचार्य और गोपाल आचार्य शामिल हैं। तीनों को भीलवाड़ा से दबोचा गया जबकि एक अन्य आरोपी मनीष घनश्याम को किशनगढ़ से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान तीनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, जिनमें से कुछ घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस अब शेष आरोपियों की तलाश कर रही है और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

### 10 घंटे में खुलासा , पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने



घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन और डिप्टी एसपी शहर मनीष बडगूजर के सुपरविजन में शहर कोतवाल गजेन्द्र सिंह नरूका ने विशेष टीम गठित की। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और विभिन्न इलाकों में दबिश दी। पुलिस की मेहनत रंग लाई और मात्र दस घंटे में मुख्य आरोपियों तक पहुंच बनाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजनीतिक रंजिश से उपजा हमला

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया



कि यह हमला राजनीतिक द्वेष और व्यक्तिगत रंजिश के चलते किया गया था।

कुछ दिन पूर्व हरफूल जाट और भाजपा नेता बालूलाल आचार्य के बीच किसी विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद आचार्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने हरफूल जाट को गिरफ्तार किया था।

इसी घटना के बाद दोनों पक्षों में आपसी तनातनी बढ़ गई। बताया जा रहा है कि बालूलाल आचार्य को गांव में सार्वजनिक रूप से जलील किए जाने की बात को लेकर गहरा आक्रोश था, जिसके चलते उसने अपने बेटों के साथ मिलकर हरफूल जाट पर हमला करने की योजना बनाई।

### हमले से मचा था बाजार में हड़कंप

शनिवार शाम जब हरफूल जाट बाजार पहुंचे, तभी सरकारी दरवाजे के पास घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर तलवार और लाठियों से हमला बोल दिया।

हमले के दौरान उन्होंने हवाई फायरिंग भी की, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई और बाजार में दहशत फैल गई।

घायल हरफूल जाट को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

### पुलिस ने कहा ,अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

शहर कोतवाल गजेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि यह हमला पूरी तरह से योजनाबद्ध था, परंतु पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी ज्यादा देर तक फरार नहीं रह सके।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक रंजिश में किसी की जान लेना गंभीर अपराध है, सभी आरोपी कानून के कठघरे में होंगे।

## चार साल से फरार नकबजनी के 5 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

थाना पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे नकबजनी के आरोपी और 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिनेन्द्र कुमार सोनी उर्फ जीन्नू सोनी पुत्र सागरमल सोनी (58 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 6, लौहार मोहल्ला, कुकड़ेश्वर, जिला नीमच मध्यप्रदेश के रूप में हुई है।

आरोपी पर 2021 के नकबजनी के प्रकरण में वांछित होने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। थानाधिकारी घनश्याम मीणा ने बताया कि पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर फरार चल रहे आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया आरोपी जिनेन्द्र चोरी



के माल की खरीद-फरोख्त में शामिल था। आरोपी 2021 से फरार चल रहा था और पुलिस को गुमराह करने के लिए बार-बार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है ।

## जयपुर में नई आपराधिक कानूनों की भव्य प्रदर्शनी, आज गृहमंत्री अमित शाह करेंगे उद्घाटन



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली तीन नई संहिताओं के लागू होने के एक साल पूरे होने पर जयपुर में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक जयपुर एग्ज़िबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर सीतापुरा में आयोजित होगी और इसका उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस प्रदर्शनी में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन से हुए परिवर्तनों को डिजिटल डेमो और लाइव प्रदर्शन के माध्यम से दर्शाया जाएगा, जिससे जनता को न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, तीव्रता और जन सुलभता के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। 13 अक्टूबर को प्रवेश केवल आमंत्रण पत्र के माध्यम से होगा, जबकि 14 से 18 अक्टूबर तक आमजन और हितधारक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य न्याय के स्थान पर दंड की बजाय न्याय की अवधारणा को प्रदर्शित करना और नए भारत के नए कानून की दिशा में एक सशक्त कदम उठाना है।

इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह 8 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे और 150 यूनिट फ्री बिजली के लिए रजिस्ट्रेशन की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही अन्य विभिन्न योजनाओं का भी लोकार्पण किया जाएगा। प्रदर्शनी में नए कानूनों की संरचना की इंटरएक्टिव और डिजिटल प्रस्तुति के साथ-साथ प्रतियोगिताएं, सेल्फी पॉइंट्स और फूड स्टॉल्स भी आमजन के आकर्षण का केंद्र होंगे। समय पर न्याय सभी के लिए न्याय के ध्येय पर आधारित यह कार्यक्रम न केवल कानून की समझ को जन-जन तक पहुंचाएगा, बल्कि नागरिकों के बीच न्याय प्रणाली में विश्वास और जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## सांप-सीढ़ी के खेल में उलझी सियासत , राठौड़ की नोकझोंक बनी कार्यक्रम की चर्चा

**राजेन्द्र राठौड़ बोले– मुझे और पूनिया को राजनीति में सांप ने डंसा ,मदन राठौड़ ने कहा,भूल गए भाईसाहब, पहले मुझे ही डंसा था**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की सियासत में रविवार को सांप-सीढ़ी का खेल असल में मंच पर उतर आया।

पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया की किताब के विमोचन समारोह में राजनीति के दिग्गजों के बीच हुआ संवाद व्यंग्य, कटाक्ष और पुराने गिले-शिकवे का मिला-जुला मंच बन गया।

कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ और पूर्व विधायक मदन राठौड़ के बीच हुई हंसी-मजाक भरी नोकझोंक ने माहौल को हल्का-फुल्का लेकिन राजनीतिक तौर पर रोचक बना दिया।

### मुझे और पूनिया दोनों को सांप ने डंसा- राजेन्द्र राठौड़

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा की सतीश पूनिया और मेरे बीच बहुत समानता है।

हम दोनों को सांप-सीढ़ी के खेल का सांप उस समय डंसा, जब हम सत्तासी सत्ता के करीब थे।

राठौड़ के इस बयान पर सभागार ठहाकों से गूंज उठा। उन्होंने इशारों में




2023 के विधानसभा चुनाव का ज़िक्र करते हुए कहा कि हम दोनों को उस समय गिराया गया जब हम सबसे ऊँची सीढ़ी पर थे।

### मदन राठौड़ ने ली चुटकी ,मुझे तो दो बार डंस चुके हैं

इसी बात को आगे बढ़ाते हुए पूर्व विधायक मदन राठौड़ ने मंच से मज़ाकिया लहजे में कहा,आप मुझे कैसे भूल गए, पूनिया जी और राजेन्द्र जी ! हमारे बीच भी समानता है, बस फर्क इतना है कि मुझे आप दोनों पहले ही डंस चुके हैं।

मदन राठौड़ ने कहा, 2003 में विधायक बना था, 2008 में शायद आपने ही डंस दिया होगा। 2013 में टिकट मिला तो जीतकर आया, लेकिन 2018 में सतीश पूनिया जी ने डंस दिया होगा।

उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि सांप-सीढ़ी का यह खेल नया नहीं है,



राजनीति में चलता ही रहेगा और रहना भी चाहिए।

### रास्ता पहले भी साफ किया, आगे भी करता रहूंगा

मदन राठौड़ ने कहा कि जब पूनिया किसी कार्यक्रम में आते थे तो वे आगे-आगे चलकर रास्ता साफ करते थे, भाईसाहब, आगे भी रास्ता क्लीयर ही करूंगा, चिंता मत करो। उन्होंने राजेन्द्र राठौड़ पर चुटकी लेते हुए कहा आप घनश्याम तिवाड़ी जी की बहुत प्रशंसा कर रहे थे, अब वे पिंजरे से बाहर निकलकर अंदर आने वाले हैं, लेकिन अंदर की बात ज़्यादा नहीं बोलनी चाहिए।

बता दें कि घनश्याम तिवाड़ी इस समय राज्यसभा सांसद हैं और अगले साल जून में राजस्थान से राज्यसभा की दो सीटें रिक्त होने जा रही हैं।

### अब राजनीति में होर्डिंग और गाड़ी से बनते हैं नेता ,राजेन्द्र राठौड़

राजेन्द्र राठौड़ ने पूनिया की पुस्तक की सराहना करते हुए मौजूदा राजनीतिक संस्कृति पर तंज कसा।

उन्होंने कहा, आजकल पूरी राजधानी युवा नेताओं के पोस्टरों से अटी पड़ी है। एक वेंडर है जो किसी भी युवा नेता के जन्मदिन पर हजारों होर्डिंग्स शहर भर में टांग देता है।

उन्होंने कहा अब राजनीति में होर्डिंग्स और गाड़ियों के साथ नेता पैदा होते हैं। लेकिन सतीश पूनिया जैसे नेता मैंने पैदल चलते हुए देखे हैं, उनके पैरों में छाले पड़ते हुए देखे हैं। ऐसे कर्मयोगी की लिखी किताब नौजवानों के लिए प्रेरणा बनेगी। कार्यक्रम में हँसी मज़ाक़ के बीच दिया सियासी संदेश । किताब विमोचन का यह कार्यक्रम जहां हंसी-मजाक के पलों से भरा रहा, वहीं मंच से झलकी यह सांप-सीढ़ी की राजनीति प्रदेश बीजेपी के भीतर के रिश्तों और मतभेदों पर भी संकेत छोड़ गई। वरिष्ठ नेताओं के कटाक्षों के बीच हॉल में मौजूद कार्यकर्ता देर तक तालियाँ बजाते रहे और माहौल ठहाकों से गूंजता रहा।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



C M Y K

# एक साल बाद जनता ने खोला नगर पालिका का रिपोर्ट कार्ड


## बिजोलिया में फोकस जनसंवाद बना जनता का मंच-सड़क, सफाई, पट्टा, तालाब और खेल मैदान की बदहाली पर उमड़ी आवाज़


मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधि


कार्यक्रम में पंहुची जनता


मंच पर मौजूद अधिवक्ता


जिला परिषद सदस्य
अंकित तिवाड़ी


पंचायत समिति सदस्य
हितेन्द्र राजौरा


भाजपा मंडल उपाध्यक्ष
शांतिलाल जोशी


कार्यक्रम में पंहुचे रोजगार छीनने से परेशान हैला समाज के लोग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका बिजोलिया के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भीलवाड़ा फोकस द्वारा नगर पालिका चौक पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर की जनता, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिक एक मंच पर आए और नगर के विकास, सौगातों व समस्याओं पर खुला संवाद हुआ।

कार्यक्रम में जनता ने नगर पालिका के एक वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए सड़क, सफाई, विद्युत व्यवस्था, पट्टा वितरण, किराया निर्धारण, करारोपण, खेल मैदान और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं पर अपनी बात रखी। भीलवाड़ा फोकस द्वारा इस संवाद की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई, जिससे जनता की आवाज शासन-प्रशासन और क्षेत्रवासियों तक एक साथ पहुंची।

जनता ने मंच से यह भी सवाल उठाया कि नगर पालिका में अभी तक नया बोर्ड गठित नहीं हुआ है, इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। लोगों ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी बताया और कहा कि बिना जनप्रतिनिधियों की सहमति के लिए जा रहे निर्णय जनता पर थोपे जा रहे हैं। इस दौरान जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र राजोरा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अनिल राव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शांति लाल जोशी , पूर्व कृषि अधिकारी उदयलाल कोली , अनिल खटीक, उमा शंकर वैष्णव, अधिवक्ता प्रदीप शर्मा , हितेश धाभाई, अमित जैन , अशोक मेड़तिया भीलवाड़ा फोकस टीम से कपिल विजयवर्गीय , मानव तिवाड़ी, रमेश गुर्जर , रवि अहीर सहित कई लोग मंच पर मौजूद रहे ।

### कार्यक्रम में कई फोटो-छाप नेता नदारद रहे, जनता बोली, अब मंच पर नहीं, जनता तय करेगी अगली तस्वीर

जनसंवाद कार्यक्रम में जहां आमजन खुलकर अपनी समस्याएं और सवाल रख रहे थे, वहीं कई तथाकथित फोटो-छाप नेता कार्यक्रम से दूरी बनाए रहे। जनता ने इस अनुपस्थिति पर तीखी नाराज़गी जताई। लोगों का कहना था कि जो नेता जनता के बीच आने से कतराते हैं, वे अब तस्वीरों और पोस्टरों में नहीं, आने वाले चुनावों में जवाब देंगे। जनता ने साफ कहा कि अब मंच पर नहीं, वार्डों में फैसला होगा। जो जनता की सुनवाई से बचते हैं, उन्हें जनता जवाब देना जानती है। कार्यक्रम के दौरान यह नाराजगी पूरे माहौल में साफ झलकती रही , मंच पर सवाल थे, पर जवाब देने वाले गायब दिखे ।

### जनशक्ति और जनजागरण का संकेत बना कार्यक्रम -

नगर पालिका बनने के बाद जनता की उम्मीदें ऊँची थीं । विकास, पारदर्शिता और जनसुनवाई की नई दिशा की चाह थी। परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी हालात बताते हैं कि प्रशासनिक निर्णय जनता से दूर और विकास कार्य अब भी फाइलों तक सीमित हैं। जनसंवाद जैसा मंच इसीलिए ज़रूरी है । जहाँ जनता सवाल पूछ सके और जवाबदेही तय हो। यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनशक्ति और जनजागरण का संकेत है। यदि इस आवाज़ को शासन तक पहुँचाया गया और उस पर कार्रवाई हुई, तो यही संवाद आने वाले बदलाव की नींव बनेगा।




## जनता ने रखी अपनी राय


शिव कुमार बंजारा


घनश्याम कानावत


मनोज मालवीय


देबीलाल कोली


कमल कुमार ब्रह्मभट्ट


यशवंत सिंह पुंगलिया


मुकेश खटिक


मोहसिन हुसैन


अब्दुल गन्नी


राजेंद्र तंवर


शिरीष तिवाड़ी


रूप लाल गोधा

वार्ड नंबर 1 के **शिवकुमार बंजारा** ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के पास बने नाले से फैली गंदगी, जलभराव और बढ़ती बीमारियों की समस्या रखी। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से यह स्थिति जस की तस है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ

**घनश्याम कानावत** ने बालाजी कॉलोनी में सड़क निर्माण न होने और पेयजल व्यवस्था की कमी की शिकायत की। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पानी के लिए पूरे कॉलोनी को परेशान होना पड़ता है, और पालिका की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

**मनोज मालवीय** ने नगर पालिका के अधीन ग्राम पंचायत की दुकानों के किराए में अचानक चार गुना बढ़ोतरी को लेकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि किराया वृद्धि की न तो कोई पूर्व सूचना दी गई और न ही चर्चा की गई। अचानक छह माह की बढ़ी हुई दर से नोटिस दे दिए गए हैं। यह व्यापारियों पर सीधा आर्थिक बोझ है।

**देवीलाल कोली** ने नालियों के निर्माण में हो रही लापरवाही, अधूरे कार्यों और जल निकासी की समस्या को लेकर असंतोष व्यक्त किया। वहीं **कमल कुमार ब्रह्मभट्ट** ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन के आते ही करारोपण, पट्टा वितरण और सफाई व्यवस्था में अव्यवस्था बढ़ी है। पुराने पंचायत क्षेत्र के पट्टों को अवैध घोषित कर लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना बोर्ड के गठन के प्रशासन अपने मनमाने निर्णय जनता पर थोप रहा है और जनप्रतिनिधि तमाशबीन बने हुए हैं।

**यशवंत सिंह पुंगलिया** ने छोटा खेल मैदान, विद्यालय भवन, मंदाकिनी रोड और रामद्वारा रोड की बदहाल स्थिति पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, मुख्य मार्गों पर वन साइड ब्लॉक से लोगों को परेशानी हो रही है।


रईश मोहम्मद

उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि बिजोलिया की राजनीति इतनी उलझ चुकी है कि विकास पीछे छूट गया है-यहां कांग्रेस भाजपा में और भाजपा कांग्रेस में शामिल हो चुकी है। जनता के हिस्से सिर्फ गड्ढे और विवाद आए हैं।

**मुकेश कुमार खटीक** ने विजय सागर तालाब की स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पूरे नगर का गंदा पानी तालाब में जा रहा है, जिससे उसका धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व खत्म होता जा रहा है। जब यह पानी नहाने योग्य नहीं है, तो भगवान को इसमें नहलाना कैसी श्रद्धा है? उन्होंने तालाब की सफाई और दीर्घकालिक संरक्षण योजना की मांग की।

**मोहसिन हुसैन** ने खेल मैदानों की बदहाली और युवाओं के लिए खेल सुविधाओं की कमी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने छोटा खेल मैदान विकसित करने के वादे किए, पर नतीजा शून्य है। आज बच्चों के पास खेलने की जगह नहीं है, और मोबाइल लत बन चुका है। प्रशासन को खेल संस्कृति की ओर ध्यान देना चाहिए।

**हैला समाज** के अध्यक्ष अब्दुल गन्नी ने समाज के लोगों के साथ हो रहे भेदभाव और बेरोजगारी की समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि पालिका की भेदभावपूर्ण नीति के कारण हमारे समाज के लोगों को सफाई कार्य से हटा दिया गया, जिससे गरीब परिवारों की रोजी-रोटी छिन गई है। आज हम ना चाय की दुकान लगा पा रहे हैं, ना कोई काम कर पा रहे हैं। ना बीजेपी सुन रही है, ना कांग्रेस। समाज बेरोजगारी के दंश से गुजर रहा है। उन्होंने समाज के लिए न्याय और पुनः रोजगार बहाली की मांग की।

**पूर्व उप सरपंच रूप लाल गोधा , रईश मोहम्मद , राजेंद्र तंवर , शिरीष तिवाड़ी,** सहित कई अन्य नागरिकों ने भी सड़क मरम्मत, नाली सफाई, अतिक्रमण, सार्वजनिक शौचालयों की दुर्दशा और बिजली कटौती जैसी समस्याएँ रखीं। जनता ने कहा कि नगर पालिका बनने के बाद जनता को राहत मिलने की उम्मीद थी, पर आज की स्थिति ग्राम पंचायत से भी अधिक ख़राब हो गई है। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने जनता की समस्याओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आने वाले समय में इन सभी मुद्दों पर ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रशासन की जवाबदेही तय की जाएगी।

यह जनसंवाद कार्यक्रम बिजोलिया में जनभागीदारी की नई परंपरा की शुरुआत साबित हुआ । जहां सोशल मीडिया की सीमाओं से आगे बढ़कर जनता ने मंच से अपनी आवाज उठाई। इस अवसर पर नागरिकों में अपने अधिकारों को लेकर नई जागरूकता और उम्मीद दिखाई दी।


प्रधान संपादक
कपिल विजयवर्गीय

## QUICK BITES

### शाहपुरा में आज नवीन आपराधिक कानून पर प्रदर्शनी, पंचायत समिति में होगा वीसी आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




**मूलचन्द पेसवानी।** राजस्थान पुलिस जयपुर के तत्वावधान में नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार, 13 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसका शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वीसी के माध्यम से करेंगे। शाहपुरा पंचायत समिति स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में इस कार्यक्रम के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि वीसी सुबह 10 बजे शुरू होगी, जिसमें सीएलजी सदस्य, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी और गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नागरिकों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे नए कानूनों की जानकारी देना है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस जागरूकता पहल को सफल बनाएं।

### सवाईपुर में वीर तेजा मारवाड़ी खेल का समापन

**गौ रक्षा और नशा त्याग का दिया संदेश**

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** तेजाजी चौक पर आयोजित पांच दिवसीय वीर तेजा मारवाड़ी खेल का शनिवार रात समापन हुआ। वीर तेजा कला मंडल सुरेश नट एंड पार्टी सलावटिया द्वारा मंचित नाट्य प्रस्तुति में तेजाजी महाराज के गौ रक्षा हेतु बलिदान और हीरा गुजरी की गायों को बचाने की कथा का प्रभावशाली मंचन किया गया।

कलाकारों ने कथा के माध्यम से समाज को शराब से दूर रहने और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुरेश नट, शंकरलाल नट, कमलेश नट, उदयलाल बिजौलिया, महेंद्र तिलस्वां, मुकेश व राकेश सलावटिया सहित कई कलाकारों ने विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय किया।

मारवाड़ी खेल देखने के लिए सवाईपुर, ढ़ेलाणा, सालरिया, डसाणिया का खेड़ा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# घुमंतु समाज ने किया शस्त्र पूजन, लव जिहाद के खिलाफ जागरूकता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** राष्ट्रीय विमुक्त घुमंतु जनजाति महासभा के तत्वावधान में रविवार को घुमंतु बस्ती में गांचा व गाडोलिया समाज द्वारा पारंपरिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामेश्वरलाल धाकड़ ने की।



शस्त्र पूजन के दौरान वातावरण महाराणा प्रताप व छत्रपति शिवाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। धाकड़ ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि घुमंतु समाज वीरता और आत्मरक्षा की परंपरा का प्रतीक है। आज समाज को अपनी संस्कृति, बहन-बेटियों की मर्यादा और अस्तित्व की रक्षा के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसी के खिलाफ हिंसा का नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और धर्म रक्षा की भावना का प्रतीक है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय तहसील महामंत्री सोहन गाडोलिया व नगर अध्यक्ष जगदीश गांचा की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे, जिनमें कृभगवान, भंवर, दारा सिंह, लाला, ऊकार, चेनाराम, कालूराम, विजय, विष्णु, विक्रम, सोमा, राजेश व बबन गांचा प्रमुख रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ के कोषाध्यक्ष भगवत सिंह लूणलाश व जिला गौ भक्त युवा प्रमुख राजू कहार ने समाज की एकता व संगठन को उसकी असली ताकत बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# शाहपुरा-विजयनगर मार्ग पर हादसाः गोवंश से टकराई बाइक, दंपती व पुत्र गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** शाहपुरा-विजयनगर मार्ग पर बूलिया फिलिंग स्टेशन के पास रविवार सुबह उस समय हादसा हो गया जब सड़क पर अचानक आए गोवंश से एक मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दंपती और उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में ओमप्रकाश रेगर (60) निवासी कादेड़ा, उनकी पत्नी और पुत्र घायल हुए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को 108 एंबुलेंस द्वारा राजकीय चिकित्सालय शाहपुरा पहुंचाया गया, जहां उपचार जारी है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 8 बजे विजयनगर की ओर जाते समय अचानक गोवंश सड़क पर आ गया। वाहन को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर से ओमप्रकाश को सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पत्नी और पुत्र भी घायल हो गए।


घटना के बाद आरिफ मोहम्मद देशवाली, अख्तर हुसैन, केसर खां कायमखानी, अतू खां कायमखानी, नूर मोहम्मद कायमखानी व ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता की और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर आवारा गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सड़कों पर विचर रहे गोवंश को सुरक्षित स्थलों पर पहुंचाने की पुख्ता व्यवस्था की जाए।

# शाहपुरा में मिनी स्विमिंग ओलंपिक थर्ड सम्पन्न ,102 तैराकों ने दिखाई प्रतिभा, जयपुर-अजमेर के खिलाड़ियों का दबदबा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी।** भीलवाड़ा जिला तैराकी संघ, शाहपुरा के तत्वावधान में रविवार को नगरपालिका स्थित तरणताल पर शाहपुरा मिनी स्विमिंग ओलंपिक थर्ड का सफल आयोजन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जयपुर, अजमेर, राजसमंद, भीलवाड़ा और शाहपुरा सहित विभिन्न जिलों के 102 तैराकों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय तैराक अदिति शर्मा, संयुक्त आयुक्त आनंद प्रकाश, राजस्थान तैराकी संघ के कोषाध्यक्ष महाव्रत गौतम सिंह चौहान तथा वरिष्ठ खेल अधिकारी राकेश वर्मा मुख्य अतिथि रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में जयपुर और अजमेर के तैराकों का दबदबा रहा, जबकि शाहपुरा के अकील खान कायमखानी और अनुष्का धाकड़ ने कई इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्थानीय दर्शकों का मन जीता।

राजस्थान तैराकी संघ के कोषाध्यक्ष चौहान ने कहा कि शाहपुरा में तैराकी का यह स्तर गर्व का विषय है। वहीं अदिति शर्मा ने बच्चों से नियमित अभ्यास जारी रखने का आह्वान किया।

संघ सचिव नरेश बुलिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता ओलंपिक नॉर्म्स के आधार पर आयोजित की गई, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिला। आयोजन के अंत में सभी विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा समिति के प्रयासों की सराहना की गई।

# तेली महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशनः हजारों समाजबंधुओं ने लिया भाग, प्रधानमंत्री की पत्नी यशोदा बेन मोदी और सुशील मोदी रहे विशेष अतिथि

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

अखिल भारतीय तेली महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन दूसरे दिन समाजजनों की मौजूदगी और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान देश और प्रदेश के कोने-कोने से हजारों तेली साहू समाज के लोग सभा स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी यशोदा बेन मोदी और गुजरात से आए सुशील मोदी की उपस्थिति रही।





अधिवेशन का आरंभ प्राचीन मंदाकिनी महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए बोहरा बगीची स्थित मंच पर पहुंची। रास्ते में लोगों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

कार्यक्रम के दौरान समाज के विकास, शिक्षा में जागरूकता, व्यापार में सहयोग और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कार्यक्रम में कहा कि तेली समाज की भागीदारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके।

राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे। प्रमुख पदाधिकारियों में राष्ट्रीय संयोजक यशवंत गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल राठौर, पूर्व मंत्री रविकरण साहू, पूर्व मंत्री निर्मल रोमिला सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री सत्यनारायण मंगरोला, राष्ट्रीय महासचिव रामलक्ष्मण तेली, संगठन महामंत्री लादूलाल तेली, राष्ट्रीय युवा महामंत्री गुरुदेव राकेश तेली, प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार चंद्रवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश तेली समेत कई प्रमुख समाजसेवी शामिल रहे । वही स्थानीय नेताओं और पदाधिकारियों में विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, मांडलगढ़ चेयरमैन संजय डांगी, शहर अध्यक्ष गोपाल तेली, पूर्व अध्यक्ष शोभालाल तेली, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज राठौर, प्रदेश महिला अध्यक्ष रामकन्या तेली और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रेमदेवी हाड़ा उपस्थित रहे।

# ना छत, ना साया त्रिपाल के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर विधवा महिला, दो मासूम बच्चे भी बेहाल

## मंशा ग्राम पंचायत के भीलो का झोपड़ा गांव का मामला

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक ।** इंसान के सिर पर छत होना उसकी सबसे बुनियादी ज़रूरत होती है, लेकिन कोटड़ी उपखंड क्षेत्र की मंशा ग्राम पंचायत के भीलो का झोपड़ा गांव में एक विधवा महिला भोली देवी भील अपने दो मासूम बेटों दुर्गेश (12) और मुकेश (11) के साथ त्रिपाल के नीचे रहने को मजबूर है।

जानकारी के अनुसार भोली देवी के पति प्रभु भील की करीब तीन वर्ष पूर्व खान में कंप्रेशर चलाते समय सिलिकोसिस बीमारी से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अब यह परिवार गरीबी और असहायता के बीच एक पतली त्रिपाल के नीचे जिंदगी गुजारने को विवश है।



**न बारिश से बचाव है, न धूप से राहत**

परिवार के पास न कोई पक्का घर है, न सुरक्षित ठिकाना। भोली देवी ने कई बार प्रशासन से मदद की गुहार लगाई, लेकिन अब तक किसी भी सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। गांव के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस बेसहारा परिवार को तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर उनके सिर पर पक्की छत उपलब्ध कराई जाए।

**इनका कहना है**

विधवा महिला के मामले में प्रशासन गंभीर है। जल्द ही उसे प्रधानमंत्री आवास योजना में जोड़ा जाएगा और हर संभव मदद दी जाएगी।

**तानिया रिणवा, उपखंड अधिकारी, कोटड़ी**

नियमानुसार जांच करवा कर इस परिवार को आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**रामविलास मीणा, विकास अधिकारी, कोटड़ी**

विधवा महिला की पीड़ा का मामला मेरी जानकारी में आया है। मैं स्वयं उस परिवार के पास जाकर स्थिति देखूंगा। उन्हें सरकारी सहायता दिलाने के साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी मदद करूंगा। पहले भी ऐसे मामलों में घर बनवाकर दिए गए हैं, इस महिला को भी घर दिलाया जाएगा।

**करण सिंह बेलवा, प्रधान, कोटड़ी पंचायत समिति**

अगर परिवार किसी योजना से वंचित है तो जल्द ही उसे जोड़ा जाएगा। प्रशासन हर संभव मदद सुनिश्चित करेगा।

**रामकिशोर मीणा, तहसीलदार, कोटड़ी**

# जामोली में मेवाड़ धाकड़ समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## विधायक मीणा बोले समाजहित में सदैव रहेगा हमारा सहयोग

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी।** ग्राम पंचायत जामोली में रविवार को हनुमान मंदिर परिसर में मेवाड़ धाकड़ समाज एवं धाकड़ समाज कर्मचारी संगठन की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा तथा प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने शिरकत की।



विधायक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि धाकड़ समाज को सशक्त और शिक्षित बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। समाजहित के हर कार्य में सरकार और जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

कार्यक्रम में समाजसेवी राजकुमार धाकड़ ने बताया कि समारोह में समाज के कर्मचारियों को तस्वीर भेंट कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10वीं में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 27 छात्राओं तथा 12वीं कक्षा के मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया गया।

# अब्बा जी के उर्स में उमड़े जायरीन, मांगी अमन-चैन की दुआ

## भिश्ती की झोपड़िया दरगाह पर कव्वाली में झूमे जायरीन

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

क्षेत्र के भिश्ती की झोपड़िया स्थित दरगाह पर हजरत पीर सैय्यद अब्दुल रशीद कादरी हमदानी अब्बा जी के उर्स मुबारक के मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन उमड़े और अमन-चैन की दुआ मांगी। कार्यक्रम में बेंगू के मशहूर कव्वाल अनवर भाई ने अब्बा जी, ख्वाजा गरीब नवाज, मौला अली, हुसैन और धोलाई वाले बाबा की शान में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। उन्होंने मेरी जिंदगी बनाने मेरे पीर आ गए हैं, हक हुसैन मौला हुसैन, मेरी छत पर एक तिरंगा रहने दो और कौमी एकता पर आधारित कव्वालियों से माहौल को सूफियाना बना दिया, जिन पर जायरीन झूम उठे। इससे पूर्व कारी महफूजुर्रहमान, मौलाना रियासत अली और मोहम्मद शाह आलम ने चादर शरीफ व अकीदत के फूल पेश कर देश-प्रदेश में अमन, खुशहाली और सेहत की दुआ की। जायरीन ने भी अपने परिवारों की कामयाबी व कर्ज-मर्ज से निजात के लिए मन्नतें मांगीं। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामप्रसाद जाट, मुकेश कुमार, सदर अब्दुल गफ्फार, दरगाह कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद शाबिर रँगरेज सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद हासम लजवान, कमालुद्दीन रँगरेज, मोहम्मद यूनुस रँगरेज, मोहम्मद सलीम पार्षद, शकील मोहम्मद, रईस मोहम्मद, शब्बीर मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।



# आत्म निर्भर भारत अभियान आसींद में आयोजित हुआ सम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आसींद विधानसभा में रविवार को आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन में राजस्थान सरकार के देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष और अभियान सह संयोजक ओमप्रकाश भडाणा मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आत्मनिर्भर बनाने की महत्वपूर्ण पहल है। भडाणा ने हर घर तिरंगा और वोकल फॉर लोकल जैसे राष्ट्रवादी अभियानों के माध्यम से देशभक्ति और स्वदेशी भावना को




बढ़ावा देने पर जोर दिया। सम्मेलन में अभियान के उद्देश्य, महत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियानों के प्रभाव पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक जब्बर सिंह सांखला, प्रशांत मेवाड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू और विधानसभा संयोजक रामचन्द्र सेन सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# शुद्ध आहार-मिलावट पर विशेष जांच अभियान जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

दिवाली पर्व को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य महकमा ने शुद्ध आहार और मिलावट पर विशेष अभियान चलाया। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन में रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल ने नगर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मैसर्स चंद्र प्रकाश विजय प्रकाश से रिफाइन सोयाबीन तेल, मेसर्स बालाजी मावा भंडार कानपुरा से मावा, तथा मोतीलाल संपत राज सरेरी से लाल मिर्च पाउडर और नमकीन के नमूने लिए गए। इन नमूनों की जांच की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि खाद्य व्यापारियों द्वारा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**तीन प्रतिष्ठानो से लिए सैंपल**



## QUICK BITES

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



आदर्श विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक माताओं ने भाग लिया। अध्यक्षता सरोज देवी पारीक ने की, जबकि मुख्य अतिथि कृष्णा पाराशर और मुख्य वक्ता मधुबाला पंवार रहीं।

मुख्य वक्ता पंवार ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण समाज की नींव हैं, परिवार बचेगा तो समाज बचेगा। पाराशर ने राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, नाटक और नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा विजेता माताओं को पुरस्कार दिए गए। अंत में सरोज देवी पारीक ने अध्यक्षीय आशीर्वचन दिया और संयोजिका हेमलता दीदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन संजना कंवर राणावत ने किया।

### माहेश्वरी कपल क्लब ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**(पंकज पोरवाल)।** अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत, भीलवाड़ा जिला शाखा द्वारा स्व. रामजस सोडाणी स्मृति संस्थान के आर्थिक सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगानेर में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 20 छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों में डॉ. चेतना सुनील जागेटिया, डॉ. भागचंद सोमानी, इंदिरा सोमानी, जगदीश मूंदड़ा, दिनेश बिड़ला, रामचंद्र मूंदड़ा मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. चेतना जागेटिया ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

प्रधानाचार्य वी.पी. सिंह ने क्लब के प्रयासों की सराहना की, वहीं डॉ. भागचंद सोमानी ने क्लब की राष्ट्रीय गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया और अंत में इंदिरा सोमानी ने आभार व्यक्त किया।

### लाडपुरा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविरः 102 रोगियों की जांच, 48 का मोतियाबिन्द ऑपरेशन तय

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**



जिला अंधता निवारण समिति भीलवाड़ा की अनुमति और आर्थिक सहयोग से लाडपुरा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर पूर्व शिक्षाविद नन्दलाल मेवाड़ा और धर्मपत्नी नानीदेवी मेवाड़ा के 82वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वर्गीय रूपलाल मेवाड़ा, डॉ. देवेन्द्र कुमार मेवाड़ा और बरजी बाई की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया।

शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन लाडपुरा में हुआ। पंजीयन सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चला। भीलवाड़ा गोमाबाई अस्पताल की टीम, के डॉ. योगेंद्र राठौड़ और केम्प कोऑर्डिनेटर लोकेश जैन ने रोगियों की जांच की। शिविर में रोगियों को उचित परामर्श दिया गया और आवश्यक होने पर भर्ती कर ऑपरेशन की सलाह दी गई। सभी रोगियों को निःशुल्क चश्में वितरित किए गए।

शिविर में 102 रोगियों की आंखों की जांच की गई। परीक्षण के बाद 48 मरीजों में मोतियाबिन्द पाया गया और उनका ऑपरेशन गोमाबाई नेत्रालय, भीलवाड़ा में निःशुल्क किया जाएगा।

शुभारंभ और उपस्थित लोग- समाजरत्न नन्दलाल मेवाड़ा लाडपुरा, समाज संरक्षक गोपाल लाल मेवाड़ा बिजोलिया, हीरालाल मेवाड़ा लाडपुरा, आनंदीलाल मेवाड़ा बेंगु, दौलतराम मेवाड़ा बिगोद, भैरू लाल मेवाड़ा गोविंदपुरा, कोषाध्यक्ष ललित मेवाड़ा माण्डलगढ़, केसरीमल मेवाड़ा माण्डलगढ़, सत्यनारायण मेवाड़ा लाडपुरा उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय रूपलाल मेवाड़ा, डॉ. देवेन्द्र कुमार मेवाड़ा और श्रीमती बरजी बाई की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।